भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2024**
दिनांक 06.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**विदेश मंत्रालय द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम**

2024. **श्री गोडम नागेशः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने वर्ष 2022 में इंटर्नशिप कार्यक्रम का प्रथम संस्करण आरंभ किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस योजना के कार्यान्वयन में राज्य सरकारों की कोई भूमिका है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तेलंगाना में इस योजना से कितने छात्र लाभान्वित हुए हैं?

**उत्तर**
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्ति वर्धन सिंह]

(क) और (ख) विदेश मंत्रालय इंटर्नशिप कार्यक्रम का पहला संस्करण 2021 में शुरू किया गया था। वर्ष में दो सत्रों अर्थात अप्रैल से सितंबर और अक्टूबर से मार्च तक आयोजित इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सत्र के दौरान मंत्रालय द्वारा तीस प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में विदेश मंत्रालय के कार्य से संबंधित व्यापक समझ विकसित करना और उन्हें अनुभवजन्य शिक्षा प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में योग्यता, निवास और सामाजिक–आर्थिक स्थिति के संदर्भ में लैंगिक समावेशिता और विविधता का सुनिश्चित ध्यान रखा जाता है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) लागू नहीं।

*****